C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:46 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:32 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



विवादों के बीच फरहान बोल...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 273 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

## News कॉर्नर

### दिल्ली से दून ढाई घंटे में पहुंचे सीएम धामी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली दौरे के बाद सड़क मार्ग से लौटते हुए दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे का अनुभव साझा किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने दिल्ली से देहरादून का सफर महज ढाई घंटे में पूरा किया, जो पहले की तुलना में बेहद कम है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान केंद्र सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में जिस गति से सड़क और परिवहन सुविधाओं का विकास हो रहा है, यह उसी का परिणाम है। अब उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों को भी इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दून-दिल्ली इकोनॉमिक कॉरिडोर न केवल यात्रा समय को कम कर रहा है, बल्कि पर्यटन, निवेश और स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है।

### पीएम मोदी थोड़ी देर में पहुंचेंगे काशी

यूपी। पीएम मोदी मंगलवार को काशी दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान पीएम बरेका में आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। देर शाम उप्र चुनाव को लेकर अनौपचारिक बैठक भी कर सकते हैं। पीएम के आगमन को लेकर शहर के कई मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर लहुराबीर चौराहे पर यातायात दुरुस्त किया गया है। भाजपा राष्टीय अध्यक्ष नितिन नवीन का काफिला पुलिस लाइन चौराहा से मकबूल आलम रोड व ता ?ीखाना तिराहा होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए रवाना हुआ। पूरे रूट पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। काफिले के गुजरने के दौरान यातायात को नियंत्रित किया गया, जिससे किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

## मौसम: आज कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता



राज्य के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का भी अनुमान है ऐसे में गर्मी से राहत मिल सकती है। उत्तराखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट लेने के संकेत दिए हैं। अधिकतम तापमान गिरने लगा है। साथ ही मंगलवार से और राहत के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को राज्य के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का भी अनुमान है ऐसे में गर्मी से राहत मिल सकती है। केंद्र की ओर जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने, ओलावृष्टि और बारिश के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। इन जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है और 4400 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। इसके अलावा अन्य पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं जबकि मैदानी जिलों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम में बदलाव का सीधा असर मैदान से लेकर पहाड़ तक के तापमान में देखने को मिलेगा। शेष पर्वतीय क्षेत्रों में भी तेज बारिश और आंधी-तूफान की आशंका जताई गई है। उधर, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भी कहीं-कहीं बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में भी तापमान सामान्य से ऊपर रहा। देहरादून की बात करें तो बीते रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो सोमवार को 37.9 डिग्री रहा। वहीं, आने वाले दिनों में प्रदेशभर के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। 28 अप्रैल को राजधानी देहरादून में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

दो दिवसीय सिक्किम के दौरे पर मोदी

## पीएम मोदी ने सिक्किम में दी 4000 करोड़ की सौगात

नई दिल्ली
एजेंसी




गंगटोक में पीएम मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला, जहां विकास परियोजनाओं से पहले उन्होंने युवाओं संग फुटबॉल खेलकर माहौल को जोशीला और प्रेरणादायक बना दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम में 4,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सिक्किम को पूर्वी भारत का स्वर्ग बताते हुए प्रकृति प्रेमी पर्यटकों से राज्य के ऑर्किडेरियम का भ्रमण करने का आग्रह किया। गंगटोक में संबोधन के दौरान पीएम ने कहा कि सिक्किम एक भारत श्रेष्ठ भारत का सशक्त प्रतीक है, खासकर ऐसे समय में जब देश को धर्म और राजनीति के आधार पर बांटने के प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिक्किम की स्वच्छ सड़कें और शुद्ध हवा इस बात का प्रमाण हैं कि यहां के लोग प्रकृति संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार का मुख्य फोकस यहां कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है। इससे पहले पीएम मोदी सुबह युवाओं के बीच पहुंचे और उनके साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को जोश से भर दिया। सिक्किम दौरे के दौरान पीएम ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया और लिखा कि गंगटोक की सुबह में युवाओं के साथ फुटबॉल खेलना उनके लिए एक बेहद ऊर्जा देने वाला अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ खेलते हुए उन्हें नई ऊर्जा और सकारात्मकता का एहसास हुआ।

### पीएम बोले- युवा दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलने से अच्छा कुछ नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिक्किम के दौरे पर हैं। इस दौरान वह मंगलवार को गंगटोक में कुछ युवाओं के साथ फुटबॉल खेलने में शामिल हुए। उन्होंने इसे एक प्यारी सुबह और ऊर्जावान सत्र बताया। एक्स पर अपने खेल सत्र की तस्वीरें साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'गंगटोक की एक खूबसूरत सुबह सिक्किम में अपने युवा दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलने जैसा कुछ नहीं।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, 'इन युवाओं के साथ वाकई एक ऊर्जा से भरपूर फुटबॉल सत्र रहा!'

## महिला आरक्षण को लेकर सदन में चर्चा, सीएम धामी के संबोधन पर विपक्ष का हंगामा

देहरादून
हमारे संवाददाता



**चर्चा**

- विपक्षी पार्टी ने भी सरकार को घेरने की रणनीति बनाई

लोकसभा में महिला आरक्षण लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक के विफल होने के बाद आज उत्तराखंड में इस पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। सीएम धामी ने कहा कि देश की नारी को विश्वास दिलाते हैं, उनका अधिकार अवश्य मिलेगा। कहा किआधी आबादी को उनका पूरा हक प्रदान करने का प्रयास मिले ताकि मातृशक्ति विकसित भारत के निर्माण में अपनी पूरी क्षमता से योगदान दे सके। वहीं विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने भी सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है।

मुख्यमंत्री के संबोधन पर सदन में विपक्ष का हंगामा जारी है। सीएम ने कहा कि महिला आरक्षण बिल गिरने पर सभी विपक्ष के नेता खुश हो रहे थे। पूरे देश ने देखा। इस बात पर सदन में विपक्ष आक्रामक हो गया। विपक्ष का आरोप है कि सीएम सदन के समक्ष गलत तथ्य पेश कर रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम सदन में लाया गया। ये ऐतिहासिक कदम था। पीएम ने अगले लोकसभा चुनाव में देश की आधी आबादी को पूरा हक देने का निर्णायक प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने मिलकर इसे पास नहीं होने दिया। कहा कि मुझे याद आ गया जैसे कौरवों ने द्रौपदी का अपमान किया था। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी, सपा के अध्यक्ष अखिलेश का नाम लेते ही सदन में विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया।

सीएम धामी ने सदन में कहा कि मैं अनुरोध करता हूं कि उत्तराखंड विधानसभा एकमत से नारी शकि वंदन अधिनियम को लाने के केंद्र सरकार के प्रयासों का समर्थन करें। इसमें राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पक्ष विपक्ष को मिलकर समर्थन करना चाहिए। हम पूजा पाठ करते हैं तो महा लक्ष्मी, मां काली का मंत्रों में जिक्र आता है।

## तोताघाटी के पास दिल्ली के श्रद्धालुओं की कार खाई में गिरी

देवप्रयाग
हमारे संवाददाता

ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे के पास दिल्ली के श्रद्धालुओं की कार हादसे का शिकार हो गई। केदारनाथ दर्शन कर लौट रहे यात्रियों की कार खाई में गिर गई। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्टीय राजमार्ग पर तोताघाटी के पास केदारनाथ धाम से दर्शन कर दिल्ली लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही देवप्रयाग पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गई थीं। थाना कोतवाल प्रशांत बहुगुणा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तोताघाटी के सामने कार गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस बल रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंच गया था। गहरी खाई और दुर्गम रास्तों के बीच राहत कार्य चलाते हुए टीम ने एक घायल व्यकि को सुरक्षित बचा लिया है, जिसे राफ्ट के जरिए नदी के रास्ते से निकालने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, कार में सफर कर रही एक महिला का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार कार के जिस तरह से परखच्चे उड़े हैं, उससे अंदेशा जताया जा रहा है कि महिला गहरी खाई में कहीं दूर छिटक गई है। फिलहाल राहत एवं बचाव दल द्वारा लापता महिला की सघन खोजबीन की जा रही है और रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

## इंडोनेशिया में भीषण रेल हादसा, मृतकों का आंकड़ा 14 तक पहुंचा

इंडोनेशिया/नई दिल्ली
एजेंसी

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पास बेकासी तिमुर स्टेशन पर हुए ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। एक लंबी दूरी की ट्रेन ने खड़ी कम्यूटर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जबकि राहत और बचाव कार्य जारी है।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के बाहरी इलाके में हुए दर्दनाक ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार सुबह इसकी पुष्टि की। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। सरकारी रेलवे कंपनी पीटी केरेटा एपी इंडोनेशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बॉबी रसीदिन ने बताया कि




अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। सभी शवों को पहचान और अन्य औपचारिकताओं के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। यह हादसा सोमवार को बेकासी तिमुर स्टेशन पर हुआ, जो जकार्ता के बाहर स्थित एक व्यस्त रेलवे स्टेशन है। यहां एक लंबी दूरी की ट्रेन ने स्टेशन पर खड़ी कम्यूटर ट्रेन के पिछले डिब्बे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डिब्बों को भारी नुकसान पहुंचा और कई यात्री उसमें फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहतकर्मियों और आपातकालीन टीमों ने घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। कई यात्रियों के घायल होने की भी खबर है, हालांकि घायलों की सटीक संख्या अभी सामने नहीं आई है। इंडोनेशिया खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद सयाफी ने कहा कि फंसे हुए लोगों को निकालना बेहद संवेदनशील और कठिन काम है। बचाव दल विशेष उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से डिब्बों को काटकर यात्रियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अभी भी जीवित हालत में फंसे हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राहतकर्मी लोहे के डिब्बों को काटने के लिए एंगल ग्राइंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है और कई लोग अपने परिजनों की तलाश में स्टेशन पहुंचे हुए हैं। एक व्यक्ति अपने भाई का खून से सना बैग पकड़कर रोता दिखाई दिया।

# सीडीओ ने ली शिक्षा महकमे के अफसरों की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में सोमवार को सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में सरकारी स्कूलों में बेहतर पठन पाठन के साथ ही शिक्षा संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए ।

सीडीओ पांडेय ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं उप शिक्षा अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए गए । कहा कि प्रत्येक माह 15 ग्राम पंचायतों के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए। कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता, व्यवस्थाओं एवं शिक्षण कार्यों का समुचित आंकलन करना है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार समयबद्ध एवं प्रभावी निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का प्रोत्साहन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मिड.डे मील पर भी विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों को पोषक और स्वच्छ भोजन मिल सके साथ ही शिक्षकों के व्यवहार का भी समय-समय पर मूल्यांकन किया जाए ताकि बच्चों के साथ सकारात्मक और सहयोगात्मक माहौल बना रहे। उन्होंने कहा कि ऐप के द्वारा डिजिटल माध्यम से कार्यों की निगरानी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समूह बनाए जाएंगे और उन्हें नियमित रूप से अपडेट किया जाएगाए जिससे उनकी गतिविधियों और प्रगति पर नजर रखी जा सके।बैठक में सीईओ गोविन्द राम जायसवाल समेत सभी खंड शिक्षा अधिकारी व उप शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# मुक्तेश्वर में तीन दिवसीय विश्व पशु चिकित्सा दिवस का समापन



धारी

हमारे संवाददाता

आइसीएआर इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट आईवीआरआई मुक्तेश्वर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर चल रहे तीन दिवसीय दिवसीय आयोजित कार्यक्रम का समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की थीम पशु चिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक रखी गई। आयोजन स्वर्ण जयंती भवन ऑडिटोरियम मुक्तेश्वर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय मुक्तेश्वर के विद्यार्थियों के लिए रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई । सोमवार को संस्थान गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद किसानों के लिए किसान गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें पशु रोग निगरानी, शीघ्र पहचान, प्रबंधन तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विषयों पर विशेषज्ञ व्याखयान दिए गए। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को आधुनिक जानकारी मुहैया कराई गई संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक उद्घाटन संबोधन दिया। मुखय अतिथि मुखय पशु चिकित्सा अधिकारी नैनीताल डॉ. धीरज चंद्र जोशी ने किसानों को संबोधित किया साथ ही एससीएसपी योजना के अंतर्गत किसानों को उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। समारोह में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुखय अतिथि सीवीओ डॉ धीरेश चन्द्र जोशी रहे। प्रधान वैज्ञानिक डॉ शेर सिंहए समन्वयक डॉ नीतीश सिंहए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सी एल पटेल, सीवीओ डॉ धीरेश चन्द्र जोशी, आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक तथा डॉ अमूल गुरव आदि रहे।

# ग्रुप कमांडर कोमोडोर ने किया सैनिक स्कूल का वार्षिक निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुखयालय नैनीताल कोमोडोर बाल राजेश सिंह द्वारा सोमवार को स्वतंत्र इकाई कंपनी एनसीसी सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के एनसीसी छात्रों द्वारा कोमोडोर बल राजेश सिंह को गार्डन ऑफ़ ऑनर दिया गया, इसके उपरांत सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बैंड द्वारा अपना प्रदर्शन किया गया कोमोडोर बाल राजेश सिंह द्वारा स्वतंत्र इकाई कंपनी का निरीक्षण कर उनके द्वारा एनसीसी के प्रशिक्षण में किए गए कार्यों के लिए उनको बधाई दी गई एवं भविष्य के प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल स्वतंत्र इकाई सीसी की कमान अधिकारी कमांडर अर्चना चौधरी द्वारा ग्रुप कमांडर एवं उनकी पत्नी का स्वागत किया गया एवं उनका स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र इकाई कंपनी के प्रधान सहायक गोपाल दास एवं सूबेदार राजेंद्र सिंह, नायब सूबेदार ललित मोहन कांडपाल, नंदन सिंह मेवाड़ी एवं नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।




## NEWS / फटाफट

### फारेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम में सबका पंजीकरण जरूरी:एडीएम

**नैनीताल** । अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) नैनीताल सौरभ असवाल ने अपील करते हुए अवगत कराया कि फारेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम (एफएसआई)में विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, जन साधारण आदि पंजीकरण कर लें ताकि संबन्धित को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत वनाग्नि से संबन्धित फायर अलर्ट की सूचना प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि एफएसआई पोर्टल पर पंजीकरण का फालो चार्ट के अनुसार जनपद के समस्त विभाग/संस्था के अधिकारी/कर्मचारी/ग्राम प्रधान/सरपंच वन पंचायत व सदस्य वन पंचायत एवं जनसाधारण को एफएसआई सिस्टम में जोडने हेतु जिला अन्तर्गत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर, बैठकों, कार्यशालाओं के माध्यम से एफएसआई एप का व्यापक प्रचार.प्रसार किये जाने हेतु समस्त प्रभागीय वनाधिकारियों को भी अपने स्तर से कार्यवाही हेतु कहा गया है।

### दमकल विभाग ने जंगलों की बुझायी आग




**नैनीताल** । नैनीताल के फायर स्टेशन को सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि ज्यूलिकोट तथा चोपड़ा गाँव क्षेत्र में जंगल में आग लगी हुई है। सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुँचकर देखा गया कि जंगल क्षेत्र में आग फैली हुई थी जिसे नियंत्रित करने हेतु फायर यूनिट द्वारा मोटर फायर इंजन के माध्यम से दो होज लाइन फैलाकर पपिंग की गई। त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया घटना स्थल पर वन विभाग, स्थानीय जनता एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे। सभी को भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए।

### कुमाऊं विवि के मेरु परिसर की भूमि से अतिक्रमण हटाया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के मेरु परिसर की भूमि से अतिक्रमण हटाया तथा निर्माण कार्य का रास्ता साफ किया। बता दें कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रस्तावित मेरु परिसर पटवाडांगर में सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में अनधिकृत कब्जे और भवनों पर लगाए गए ताले हटाकर भूमि एवं भवनों पर विश्वविद्यालय का अधिकार स्थापित कराया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब परिसर के विकास और निर्माण कार्य को गति मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से प्रभारी कुलसचिव राकेश विश्वकर्मा, निर्माण कार्य समीक्षा समिति के प्रभारी प्रो. महेंद्र राणा, डॉ. मनोज बिष्ट, अवर अभियंता संजय पंत तथा संपति अनुभाग के कुलदीप सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### नैनीताल पालिका के तीन पार्किंग का ठेका छूटा सुमित जेठी के नाम 94 लाख में



**नैनीताल** । नगरपालिका कार्यालय में सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल, बारापत्थर और अंडा मार्केट पार्किंग की निविदा खोली गई जो कि 94 लाख 50 हजार में सुमित जेठी के नाम छूटी इसके लिए पालिका की ओर से 55 लाख बेसिक अमाउंट रखा गया था। कुल 6 लोगों ने निविदा डाली थी जिसमें बीते शुक्रवार को तकनीकी निविदा संपन्न होने के बाद सुमित जेठी और नवीन अग्रवाल क्वालीफाई हुए थे। सोमवार को पालिकाध्यक्ष कार्यालय में वित्तीय निविदा खोली गई जिसमें अधिक अमाउंट डालने पर निविदा सुमित जेठी के नाम रही। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, अधिशाषी अधिकारी रोहिताश शर्मा, कर अधीक्षक दीपेंद्र बमौला, लेखाकार सिद्धार्थ शर्मा, कोषाधिकारी कमलेश भंडारी समेत विविध लिपिक संजय कनवाल आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने साईं कृपा स्टोन क्रशर यूनिट के संचालन पर लगी अंतरिम रोक को हटाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए भीमावाला विकासनगर में साईं कृपा स्टोन क्रशर यूनिट के संचालन पर लगी अंतरिम रोक को हटा दिया है। यह आदेश मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने पारित किया।

मामले के अनुसार याचिकाकर्ता स्कंद कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि संबंधित साईं कृपा स्टोन क्रशर घनी आबादी, सरकारी इंटर कॉलेज आंगनवाड़ी केंद्र और ग्राम पंचायत कार्यालय के करीब स्थापित किया जा रहा है जो नियमों के विरुद्ध है। याचिका में यह भी कहा गया था कि क्रशर यूनिट 2000 मीटर की निषिद्ध दूरी के भीतर स्थापित की जा रही है और इससे क्षेत्र में पर्यावरण तथा स्थानीय निवासियों एवं स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के जुलाई 2023 के दिशा.निर्देशों का उल्लंघन होने का भी आरोप लगाया गया। प्रारंभिक सुनवाई में न्यायालय ने 25 जुलाई 2025 को प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए क्रशर के निर्माण और संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायालय ने यह माना था कि क्रशर निर्धारित जोन में नहीं है और सीपीसीबी के दिशा.निर्देशों के विपरीत है। इसके बाद साईं कृपा स्टोन क्रशर के स्वामी ने इस रोक को हटाने के लिए आवेदन दाखिल किया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा। सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह इस मामले में शीघ्र सुनवाई कर उचित आदेश पारित करे।

# गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग उठाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में सोमवार को हिंदू संगठनों गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)विवेक राय के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बजरंग दल, बजरंग वाहिनी दल, मातृ शक्ति के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 व 51ए (जी) की मूल भावना के अनुरूप गौ माता को राष्ट्रीय आराध्य का संवैधानिक दर्जा देने की मांग की।

कहां कि देश के समस्त सनातनी, भक्तों तथा कार्यकर्ताओं जागरूक नागरिकों और संत समाज की ओर से निवेदन है कि भारतीय स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है वही गौ हत्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि गोवंश केवल आस्था का विषय नहीं है इसलिए गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देना जरुरी है। इस मौके पर विवेक वर्मा, मनोज कुमार,कुनाल बेदी,आदित्य,रौनक, अनुज, मोहित, सूरज, पुजारी, रश्मि,भावना समेत दर्जनों मातृ शक्ति उपस्थित थी । दूसरी ओर गौ आवाहन अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिला मंत्री प्रकाश चंद्र आर्य के नेतृत्व में गौ रक्षको ने एडीएम विवेक राय के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन देने वालों में गिरीश चंद्र, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, योगी कमलनाथ, अभिषेक, हेमचंद्र, प्रकाश चंद्र आर्य, अखिलेश कुमार, पंकज टमटा, राहुल कुमार,गणेश सिंह व सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।



**मांग**

- एडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## लगाई जाती है आग!

*हर साल की तरह इस बार भी जगह-जगह से वनाग्नि की सूचना मिल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जंगल की आग को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि वनाग्नि रोकने के उपाय केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर दिखाई दें। अफसर कागजी कार्ययोजना से बाहर निकलकर जंगल में कार्य करें। मीडिया द्वारा बताया जाता है कि जंगल में आग लग गई, जबकि सच यह है कि आग स्वतः नहीं लगती, बल्कि लगाई जाती है।*

गर्मी का मौसम शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगते हैं। हर साल की तरह इस बार भी जगह-जगह से वनाग्नि की सूचना मिल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जंगल की आग को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि वनाग्नि रोकने के उपाय केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर दिखाई दें। अफसर कागजी कार्ययोजना से बाहर निकलकर जंगल में कार्य करें। मीडिया द्वारा लिखा जाता है कि जंगल में आग लग गई, जबकि सच यह है कि आग स्वतः नहीं लगती, बल्कि लगाई जाती है। पर्वतीय क्षेत्र में जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को पशुओं के लिए चारा चाहिए। पतझड़ होने पर जंगल में सूखे पत्तों को ग्रामीण जला देते हैं, जिससे मामूली बारिश होने पर भी घास उग आती है और पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होता है। आग की दूसरी वजह यह है कि जंगल में लकड़ी माफिया वन विभाग की मिलीभगत से पेड़ काटते हैं और सबूत मिटाने के लिए जंगल में आग लगा देते हैं। वन विभाग चोरी से काटे गये पेड़ों को आग की भेंट चढ़ना दर्शा देता है। पेड़ कटने से पहाड़ आवरण विहीन होते जा रहे हैं। चोरी से पेड़ काटने के साथ ही सड़क बनाने और अन्य कार्यों के लिए पेड़ काटे जा रहे हैं। पेड़ कटने और वनाग्नि से पर्वतीय क्षेत्र में जलवायु बदल गई है। तीन-चार दशक पहले मई और जून में पर्वतीय क्षेत्र में लोग स्वेटर पहनते थे, कम्बल व रजाई ओढ़ी जाती थी। अब पर्वतीय क्षेत्र में बिजली के पंखे और कूलर की जरूरत महसूस की जा रही है। पेड़ कटने से पर्वत चोटियां बरसात होने पर भरभराकर ढहने लगती हैं। मानसून के दौरान भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले साल बरसात के मौसम में एक हजार से ज्यादा सड़कों पर भूस्खलन से यातायात बाधित हुआ था। शीतकाल में हिमपात और वर्षा कम होने से गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पर्वतीय क्षेत्र में हिमपात व बारिश कम होने का असर फलों की उपज पर पड़ा है। जंगल में आग और गर्मी से बागवानी प्रभावित हो रही है। मौसम विज्ञानियों ने हिमालयी राज्यों में विपरीत परिस्थितियों की चेतावनी दी है। पर्वतीय क्षेत्र के लोगों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। जलवायु परिवर्तन का विश्व स्तर पर प्रभाव पड़ रहा है। भारत की कई नदियों का जल स्तर गिर गया है। दर्जनों छोटी नदियों के सूखने की आशंका प्रकट की जा रही है। भाबर और तराई में विकास कार्यों के नाम पर पहले से ही पेड़ काटने से हरियाली खत्म जैसी हो गई है। कृषि क्षेत्र सिमट गया है। खेती की जमीन पर उद्योग और आवासीय कालोनियां बन गई हैं। कृषि क्षेत्र कम होने से भविष्य में खाद्यान्न का संकट उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि इस साल गर्मी रिकार्ड तोड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जलवायु परिवर्तन से विभिन्न रोगों के फैलने की चेतावनी दी है। उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्र से लेकर तराई तक जल संकट गहराता जा रहा है। संकट की आहट के बाद भी लोग प्रकृति से खिलवाड़ बंद नहीं कर रहे हैं।

# धारी में वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त,दो की मौत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के धारी बलॉक में सोमवार को एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार कर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। वहीं मृतकों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में पोस्टमार्टम किया गया।

जानकारी के अनुसार मैकस वाहन दुदली गांव से हल्द्वानी को जा रहा था की तभी 12 बजे वाहन चालक कमल शर्मा ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड? से 200 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। वाहन दुर्घटनाग्रस्त में लता शर्मा (40) पत्नी दिनेश चंद्र , हरीश चंद्र बेलवाल (35) पुत्र भैरव दत्त बेलवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वही दिनेश चंद्र (48) पुत्र त्रिलोचन शर्मा मामूली रूप से घायल हो गए वही चालक कमल शर्मा (23) पुत्र विपिन चंद्र शर्मा तथा नेहा बेलवाल (17) पुत्री हरीश चंद्र बेलवाल तथा सुभाष बेलवाल (13) पुत्र हरीश चंद्र बेलवाल गंभीर रूप से घायल हो गए।



जिनका प्राथमिक उपचार कर हल्द्वानी रेफ र कर दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु कांडपाल ने बताया वाहन में 6 लोग सवार थे। जिन्हें 108 और निजी वाहनों की मदद से पदमपुरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं हरीश बेलवाल और लता शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा मृत अवस्था में थे। जिनकी मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया वहीं धानाचुली चौकी इंचार्ज एसआई हरि राम ने बताया दिन में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है रेस्कयू अभियान चलाकर घायलों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया।

### मृतक के दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी

पांच दिन बाद युवक का शव के बरामदगी मामले में एसपी जगदीश चंद्रा ने बताया कि पूछताछ के दौरान युवकों ने स्वीकार किया है कि चारों दोस्तों ने मिलकर 11 बोतल बीयर और दो बोतल शराब पी थी। इसके बाद आपस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके दौरान दीपक खाई में गिर गया जबकि बाकी तीन युवक नशे की हालत में बाजार की ओर चले गए। एसपी ने बताया कि मृतक के दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी भी की जा रही है।

## पांच दिन बाद लापता युवक का मिला शव

नैनीताल । कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के रानीखेत तहसील के ताड़ीखेत विकास खंड के दुभना ग्राम सभा के रमाधारा गांव निवासी युवक दीपक उपाध्याय (32) के लापता होने के मामले में सोमवार को बड़ा अपडेट सामने आया है। लापता होने के पांच दिन बाद युवक का शव नैनीताल-भवाली रोड में टूटा पहाड़ क्षेत्र में बरामद हुआ है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं मृतक के भाई ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार दीपक उर्फ दिनेश उपाध्याय बीते बुधवार को तल्लीताल रोडवेज स्टेशन क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। पुलिस ने मामले में 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लगातार सर्च अभियान चलाया लेकिन शुरुआती चार दिनों तक कोई सुराग नहीं लग पाया। इस दौरान पुलिस ने युवक के तीन दोस्तों से पूछताछ शुरू की थी।

## नैनीताल में एनसीसी कैडेट्स का दो दिवसीय प्रिसीजन शूटिंग कैंप शुरु

नैनीताल। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में एनसीसी कैडेट्स के लिए दो दिवसीय प्रिसीजन शूटिंग कैंप का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स की विभिन्न इकाइयों डीएसबी परिसर,79 बटालियन आर्मी,05 यूके नेवल यूनिट एनसीसी, गवर्नमेंट पॉलिटेकनिनक नैनीताल तथा ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुल 100 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीएसबी परिसर की कार्यवाहक निदेशक प्रो. चंद्रकला रावत ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि फ ायरिंग में सही निशाना लगाना जितना आवश्यक है जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे साधना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट प्रो. रीतेश साह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए निशानेबाजी के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दीवहीं सीटीओ प्रोण् आशीष मेहता ने कैडेट्स को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जिमेदारी की भावना विकसित करते हैं।

## समीक्षा बैठक मे बाल श्रम उन्मूलन व ड्रापआउट रोकने पर जोर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बाल कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) के सभागार, जिला प्रोबेशन कार्यालय कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माननीय सदस्य योगेश रजवार ने की बैठक में जिला प्रोबेशन कार्यालय, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, राजकीय संस्थाओं, स्वैच्छिक बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अध्यक्षता करते हुए सदस्य ने जनपद में बाल अधिकारों के संरक्षण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति की जानकारी ली।बैठक में निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जोर दिया गया—किशोर न्याय अधिनियम एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों में त्वरित कार्यवाही एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु संबंधित विभाग आपसी समन्वय बढ़ाते हुए औचक निरीक्षण करें।स्कूल ड्रॉपआउट की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार कर बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। सदस्य ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित वे संस्थाएं जो किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं, उनकी जांच की जाए। साथ ही दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में ऐसे अभिभावकों को प्राथमिकता दी जाए जिनके कोई संतान नहीं है। इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए।हिमालयन नव जीवन संस्थान, हल्द्वानी को वर्ष 2019 से पंजीकरण के बावजूद बजट आवंटन न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन स्तर पर पुनः पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। वहीं यूएसआर इन्दु समिति, रामनगर में 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के पुनर्वास हेतु वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नैनीताल, वर्षा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, देवकी आर्या, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, नजर अली सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## रणवीर सिंह से विवादों के बीच फरहान बोले- पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी






*फरहान अख्तर की मच अवेटेड 'डॉन 3' लगातार विवादों में घिरी हुई है। रणवीर सिंह के फिल्म छोड़ने और मेकर्स से विवाद के बाद फिल्म के भविष्य पर संकट के बादल छाए हुए हैं। अब फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' को लेकर बात की। निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की 'डॉन 3' पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली 'डॉन 3' अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। हालांकि, इस सबके बावजूद फरहान अख्तर का कहना है कि फिल्म बंद नहीं हुई है और ये ऐसी कहानी है, जिसे वो जरूर बनाना चाहते हैं। फरहान इस पूरे विवाद के दौरान सीख मिलने की भी बात कही। द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत में फरहान अख्तर ने स्वीकार किया कि पिछले कुछ साल खासतौर पर चुनौतीपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्होंने अप्रत्याशित की उम्मीद करना सीख लिया है। जब तक फिल्म बन न जाए, तब तक किसी भी बात को निश्चित नहीं माना जा सकता। 'डॉन 3' को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं। यह क्रिएटिव रूप से मेरे लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है।*

### णवीर के अचानक फिल्म छोड़ने पर हुआ विवाद

*साल 2023 में फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' की घोषणा की थी। जिसमें इस बार शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह लीड एक्टर के तौर पर शामिल हुए थे। रणवीर को फिल्म में लेने पर फरहान ने इसे एक नए युग की शुरुआत बताया था। लेकिन फिल्म को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब रणवीर सिंह ने फिल्म छोड़ दी। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट ने कथित तौर पर प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया से संपर्क किया है और दावा किया कि रणवीर के अंतिम समय में फिल्म छोड़ने से लगभग 40 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।*

## श्री बदरीनाथ केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाएं सुदृढ़: हेमंत द्विवेदी

**बदरीनाथ/केदारनाथ/देहरादून**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड चारधाम यात्रा निर्बाध गति से चल रही है।श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि चारधाम यात्रा के पहले सप्ताह में रविवार, 26 अप्रैल की रात्रि तक तीर्थयात्रियों की संख्या 3 लाख के पार पहुंच चुकी है। वहीं यात्रा के लिए कुल पंजीकरण का आंकड़ा 24 लाख के करीब पहुंच गया है।बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश में श्री केदारनाथ धाम, श्री बदरीनाथ धाम सहित चारधाम यात्रा पूरी तरह सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित हो रही है। तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ी है बावजूद व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि श्री बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा शुरू हुए अभी एक सप्ताह भी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से यात्रा के



विषय में भ्रामक और नकारात्मक प्रचार कर प्रदेश सरकार तथा मंदिर समिति की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहें है। यह न केवल श्रद्धालुओं की आस्था पर आघात है, बल्कि प्रदेश की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश है।कहा कि ऐसे यू-ट्यूबर, ब्लॉगर और सोशल मीडिया हैंडलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें। बताया कि अब तक सवा दो लाख श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल तथा श्री केदारनाथ जी के दर्शन कर लिए है अभी तक 1,56,913 श्रद्धालु श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं, जबकि 52,225 श्रद्धालु श्री भगवान बदरीविशाल के दर्शन को पहुंच चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

News कॉर्नर

### राज्य सरकार जनरेशन आफ इलेट्रिसिटी पर टैक्स नहीं लगा सकती:हाईकोर्ट

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं पर विधुत उत्पादन पर टैक्स लगाए जाने के खिलाफ विभिन्न जल विधुत परियोजनाओं की ओर से दायर विशेष अपीलों में सुनवाई की। मामले में न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने जल विद्युत परियोजनाओं के हक में फैसला देते हुए कहा है कि राज्य सरकार जनरेशन आफ इलेट्रिसिटी पर टैक्स नहीं लगा सकती। यह टैक्स लगाना राज्य सरकार का विषय नही है, केंद्र सरकार का है। पूर्व में कोर्ट की एकलपीठ ने एकट को सही ठहराते हुए विभिन्न हाइड्रो पावर प्रोजेट कंपनियों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था । इस आदेश को हाइड्रोपावर कंपनियों ने बिसेष अपील दायर कर खण्डपीठ में चुनोती दी है। बिशेष अपीलों में सुनवाई करते हुए पूर्व मुखय न्यायधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी ने इसपर अलग अलग मत दिए थे इसकी पुष्टि के लिए पूर्व में न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ को रिफ रेंस आदेश भेजा गया था।

### आय व्यय का चार्ट बनाकर शपथपत्र के माध्यम से पेश करें:हाईकोर्ट

नैनीताल । उत्तराखंड हाई कोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन में हुई गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने एसोसिएशन से कहा है कि जब से एसोशिएशन को बीसीसीआई से मान्यता मिली है। तब से अब तक वर्ष अनुसार आय व्यय का चार्ट बनाकर शपथपत्र के माध्यम से पेश करें। साथ में कोर्ट ने याचिकाकर्ता धीरज भण्डारी से भी कहा है कि आप जो दस्तावेज कोर्ट में दिखा रहे हैं उन्हें भी शपथपत्र के माध्यम से पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 18 मई की तिथि नियत की है।

# ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के तहत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के तहत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को विकास भवन सभागार भीमताल में सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में लगभग 12 विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बताया गया कि 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार जनपद में कुल 117 परियोजनाएँ विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित हैं जिनकी कुल परियोजना लागत 441.01 करोड़ रुपएं है तथा नाबार्ड द्वारा 396.95 करोड़ रुपएं की ऋण सहायता प्रदान की गई है। बैठक में परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति, धीमी गति से चल रही परियोजनाओं तथा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की पूर्णता रिपोर्ट की स्थिति तथा सामाजिक अनुश्रवण आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ पांडेय द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब से लागत वृद्धि तथा संसाधनों का दुरुपयोग होता है जिसे प्रभावी अनुश्रवण के माध्यम से रोका जाना आवश्यक है।बैठक में सीडीओ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार परियोजनाओं की नियमित निगरानी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष निरीक्षण समिति का गठन किया गया जिसमें ग्रामीण निर्माण विभाग, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग तथा लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सदस्य रखा गया। सीडीओ ने समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मासिक आधार पर परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा यह सुनिश्चित करें कि स्वीकृत निधियों का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। बैठक मे मुखय विकास अधिकारी जीआर जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण पर आज सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई प्रस्तावित है। इस सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में तैयार की गई विस्तृत रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश की जाएगी।

गौरतलब है कि फरवरी में हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए थे। इसके अनुपालन में 19 मार्च से विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में कुल 6,988 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन और नगर निगम ने प्राप्त आवेदनों व पूरी प्रक्रिया के आधार पर अपनी संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे आज अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा। सुनवाई को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

बनभूलपुरा इलाके में पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। सीओ, थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारियों के साथ-साथ पीएसी और फायर ब्रिगेड की टीमें भी तैनात की जा रही हैं, ताकि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आईटीईपी संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे में इंटर्नशिप हेतु 10 छात्र चयनित किए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के आईटीईपी (शिक्षा विभाग) ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कामयाबी दर्ज करते हुए संस्थान के 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे में इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए हुआ है।

बता दें यह इंटर्नशिप 6 माह की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी। इस कामयाबी ने न केवल चयनित विद्यार्थियों बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय उत्पन्न किया है। संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे की निदेशक डॉ0 देवयानी मुनगली द्वारा चयनित विद्यार्थियों में क्रमशः हर्षिता पंत, ईशिता उपाध्याय, अनिमा आर्या, आकांक्षा बेहेरा, प्रतिभा रावत, मानसी दानी, प्रतीक्षा जोशी, याशिका उपाध्याय, अश्वनी कुमार यादव एवं कार्तिकेय निगाल्टिया शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुशासन, कौशल एवं समर्पण के आधार पर यह अवसर प्राप्त किया है। संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है जहाँ आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा के संवर्धन पर विशेष बल दिया जाता है। ऐसे संस्थान में इंटर्नशिप प्राप्त करना विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अहम कामयाबी पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0. दीवान सिंह रावत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों का इस प्रकार के प्रतिष्ठित संस्थान में चयन होना अत्यंत गर्व का विषय है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत और लगन का परिणाम है बल्कि हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि ये सभी विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे।शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो0. अतुल जोशी ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता के बल पर राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में स्थान प्राप्त किया है। यह कामयाबी अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।कहा कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है ऐसे में विद्यार्थियों को निरंतर स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक है।

# सहजयोग ध्यान पद्धति का विशेष योगदान व लाभ विषय पर कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेंट जोन्स स्कूल में विद्यार्थी जीवन में सहजयोग ध्यान पद्धति का विशेष योगदान व लाभ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल वीरेन्द्र तिवारी ने विद्यार्थियों को सहजयोग ध्यान के महत्व और उसके व्यावहारिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से सकारात्मक सोच विकसित होती है, अध्ययन में एकाग्रता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। सहजयोग ध्यान के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान कोई करने की क्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसी अवस्था है जिसमें व्यक्ति स्वतः पहुंच जाता है।

कर्नल तिवारी ने बताया कि जब व्यक्ति भूतकाल या भविष्य की चिंताओं में उलझ जाता है तो तनाव उत्पन्न होता है, जिससे असंतुलन पैदा होता है। सहजयोग ध्यान से व्यक्ति निर्विचार अवस्था प्राप्त कर वर्तमान में जीना सीखता है। इस अवसर पर निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 को गुजरात के नारगोल से सहजयोग की शुरुआत का उल्लेख करते हुए बताया गया कि आज यह पद्धति 150 से अधिक देशों में लाखों लोगों द्वारा अपनाई जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित 129 विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार का अनुभव कराया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य विनीता रावत, उपप्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, अनीता बोरा, किरण मेर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा, राज्य नारी सशक्तिकरण समन्वयक तृप्ति तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### हाईकोर्ट ने दिए दो हफ्ते के भीतर हाई पावर कमेटी गठन करने के निर्देश

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पर्यटन सीजन में मंसूरी शहर की विभिन्न सड़कों पर अवैध तरीके से वाहन पार्क करने के बाद लगने वाले जाम से निजात दिलाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिस्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खण्डपीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए जनहित याचिका को निस्तारित कर दी है।

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चार दिन बाद इलाज के दौरान तोड़ा दम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

थाना मुखानी क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 मार्च की देर रात गर्वित असवाल (32 वर्ष) पुत्र रमेश असवाल, निवासी ब्लॉक ऑफिस के पीछे गली नंबर-1, थाना मुखानी, अपनी स्कूटी संख्या यूके 04 जेड 5628 से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चीनपुर चौराहे के पास ट्रक संख्या यू ए 05 2111 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में गर्वित असवाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए नैनीताल रोड स्थित निजीअस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 23 मार्च को उनकी मृत्यु हो गई। अब मृतक के भाई हर्ष वर्धन असवाल पुत्र रमेश असवाल ने थाना मुखानी में तहरीर देकर आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# वर्षाकाल में जलभराव की समस्या का होगा शीघ्र ही निदान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर में कलसिया नाला, चीनपुर नाला, पनियाली नाला, बनचौकी नाला, रकसिया एव देवखड़ी नालों के द्वारा वर्षाकाल में जो जलभराव की समस्या का शीघ्र ही निदान होगा।

इस हेतु उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) द्वारा 362 करोड़ से वर्तमान में कार्य किया जा रहा है ,जो गतिमान है अवशेष ड्रैनेज कार्यों हेतु माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सिंचाई विभाग द्वारा 430 करोड़ की लागत से ड्रेनेज प्लान तैयार किया गया है, जिसे सोमवार को हल्द्वानी कुमाऊं आयुक्त कैम्प कार्यालय में आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत की अध्यक्षता में गठित समिति के सम्मुख रखा गया, समीक्षा करने के पश्चात समिति द्वारा डीपीआर को संस्तुति प्रदान की गई।

हल्द्वानी नगर ड्रेनेज सिस्टम (जल निकासी प्रणाली) नेटवर्क के निर्माण पर आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान कुमाऊँ आयुक्त ने दोनों कार्यदायी संस्था सिंचाई एवं यूयूएसडी को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये, उन्होंने वर्तमान में नगर अंतर्गत यूयूएसडीए द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने शहर के मुख्य 6 नालों के आसपास या ऊपर किए गए अतिक्रमणों को चिह्नित कर उन्हें तुरंत हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि निकासी मार्गों को सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नालों पर जो जल निकासी हेतु कार्य किया जा रहा है वर्षाकाल में नालों पर कूड़ा-कचरा आने से नाले चोक हो जाते हैं इस हेतु वर्षाकाल में भी एक टीम गठित की जाए ताकि जहां पर नाले चोक हो जाते हैं उन्हें तत्काल वर्षाकाल में खुलवाया जा सके। बैठक में यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि 362 करोड़ की लागत से शहर के मुख्य नालों का जल निकासी का कार्य किया जा रहा है। रकसिया नाले का आउटफाल का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है शेष कार्य गतिमान है।

बैठक में मुख्य अभियंता सिचाई संजय शुक्ल,लोनिवि के मुख्य अभियंता पीए एस बृजवाल, उप कार्यक्रम निदेशक यूयूएसडीए मृदुला सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर यूयूएसडीए गुरप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह के साथ ही विभागीय अधिकारी मौजूद थे।